# प्रयास व्यक्तित्व विकास सेवा (प्रा.) लि.

## व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक के लिए पंजीकरण योजना

**प्रस्तावना**

यदि किसी व्यक्ति के पास खाली समय तो काफी है लेकिन वह इसका सकारात्मक उपयोग नहीं कर पा रहा है और इसे वह किसी प्रकार व्यतीत करता है, तो वह कुछ समय बाद बोरडम, मूल्यहीनता एवं अवसाद से ग्रस्त होकर जीवंन शैली से सम्बंधित कई बिमारियों का शिकार हो सकता है और एक स्वस्थ, शांतिपूर्ण एवं आनंदपूर्ण जीवन से बंचित हो सकता है। यह समस्या ऐसे व्यक्तियों के लिए और ज्यादा भयंकर हो सकती है जो अपने कार्यशील जीवन में अति व्यस्त रहतें थें और सब कुछ छोड़कर केवल अपने कार्य में ही लगें रहतें थें और सेवा निवृति के बाद बिलकुल खाली हो गएँ हैं। इसके विपरीत वें व्यक्ति जो किसी न किसी रचनात्मक कार्य में व्यस्त हैं, वें संबंधित कार्य से ही ऊर्जा प्राप्त करते रहतें हैं जिसे उन्होंने पैसे के लिए नहीं बल्कि अपनी अभिरुचि वाले कार्य की समाज के लिए उपयोगिता को ध्यान में रखकर चुना हैं।

चूँकि ‘प्रयास’ सरकार या किसी निजी व्यक्ति या संस्था से बिना कोई आर्थिक सहायता प्राप्त किये ही अत्यंत कम शुल्क लेकर किसी भी आर्थिक स्थिति वाले व्यक्ति के व्यक्तित्व का परीक्षण करके उसकी कमजोरियों का पता लगाकर उन्हें सुनियोजित रूप से दूर करने का प्रयास कर रहा है ताकि वह व्यक्ति अपनी अभिरुचि एवं क्षमता के अनुरूप एक सफल, स्वस्थ, शांत एवं संतुष्ट जीवन जी सकें, इसकी सेवायें समाज एवं देश के लिए अति कल्याणकारी हैं। यह कार्य समाज सेवा में रुचि एवं अतिरिक्त समय  रखने वाले व्यक्तियों द्वारा अपने खाली समय का दान ‘प्रयास’ को नाम-मात्र आय के एवज में करके इसकी विभिन्न गतिविधियों का संचालन एवं प्रबंधन अंशकालीन गतिविधि भागीदार के रूप में करने के कारण संभव हो पाता है। इसमें कोई संदेह नही कि अंशकालीन गतिविधि भागीदार अपेक्षाकृत काफी कम आय पैदा करतें हैं परन्तु इसकी भरपाई इस रुचिकर कार्य से उन्हें मिलने वाली संतुष्टि से हो जाती है और उनका जीवन शान्ति एवं आनद से परिपूर्ण हो जाता है। उन्हें इतनी  कम भी आय नहीं होत्ती है। उदाहरणस्वरुप यदि कोई व्यक्ति ‘व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक’ के कार्य का निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करके सप्ताह का कोई एक दिन छोड़कर प्रतिदिन मात्र 90 मिनट का दान करके इस अवधि में ‘प्रयास फाउंडेशन कोर्स’ का संचालन एवं प्रबंधन करता है तो उसे 5000 (पांच हजार) रूपये की न्यूनतम मासिक आय निश्चित रूप से होगी ही। यदि वह इस कोर्स का एक और बैच चलाये या नए नए व्यक्तियों को अपना समय करके व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक के रूप में कार्य करने के लिए उत्प्रेरित कर पाता है तो उसकी मासिक आय में निश्चित वृद्धि होगी।

अतः शिक्षित गृहणियां, जो पारिवारिक कारणों से नियमित नौकरी नही कर सकतीं हैं, सेवा निवृत व्यक्ति जो स्वस्थ हैं परन्तु अपने खाली समय को व्यतीत करने की समस्या से जूझ रहें हैं, कम वेतन पाने वाले निजी स्कूलो के अध्यापक जो स्कूल समय के बाद स्वतंत्र हैं, बेरोजगार नवयुवक जो अपनी शिक्षा पूरी करके नौकरी खोज रहें है तथा अन्य शिक्षित व्यक्ति जो किसी कारण कोई पूर्णकालीन नौकरी नहीं करतें andऔर उनके पास खाली समय है, ‘प्रयास’ के गतिविधि भागीदार-व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर सकते हैं। इस कार्य के लिए उन्हें निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है और आय का एक हिस्सा इस कार्य के एवज  दिया जाता  है।

**शैक्षणिक योग्यता (न्यूनतम)**: किसी भी विषय में स्नातक।

**अन्य आवश्यकताएं**: नम्र स्वभाव, व्यावहारिक, दूसरों के विचारों को ध्यान से सुनने का धैर्य, लोगों को धैर्यपूर्वक  व्यक्तिगत मार्गदर्शन एवं सलाह देने में रूचि, सकारात्मक सोच, कार्य में तत्परता, नैतिक जीवन

मूल्यों में विश्वास, दूसरों को अपने विचार संप्रेषित करने एवं उन्हें प्रभावित करने की दक्षता, अनुशासित जीवन शैली, भारतीय संस्कृति में विश्वास और आपराधिक मामलों से मुक्त।

**कौन 'प्रयास' के मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर सकता है ?**

चूँकि 'प्रयास' न्यूनतम मूल्य पर गुणवत्तायुक्त व्यक्तित्व विकास सेवायें प्रदान करने के लिए प्रयासरत है ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के गरीब अभिभावक भी अपने बच्चों, स्वयं और अपने परिवार के अन्य सदस्यों के लिए isइसकी सेवाओं का लाभ उठा सकें। अतः यह पूरे वेतन पर पूर्णकालीन कर्मचारी नही रख सकता। अतः निम्न कोटियों के व्यक्ति जिनके पास सप्ताह में 6 दिन कम से कम 90 मिनट का खाली समय है, हमसे निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करके हमारे अंशकालीन व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक के रूप में कार्य करके न केवल अपने खाली समय का सदुपयोग करके समाज के स्वस्थ विकास में अपना योगदान करके आत्मसंतुष्टि प्राप्त कर सकते हैं बल्कि इस प्रक्रिया में अतिरिक्त आय भी प्राप्त कर सकते हैं। परन्तु इसके लिए उन्हें 'व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक' के रूप में सफलतापूर्वक कार्य कर पाने की अपनी व्यक्तिगत क्षमता की वस्तुनिष्ट जाँच स्वयं करनी होगी। इसके लिए आवश्यक है कि वें 'प्रयास फाउंडेशन कोर्स' से सम्बंधित सारी सामग्री अच्छी तरह पढ़कर बच्चों या अन्य व्यक्तियों के लिए इसकी उपयोगिता को पहले स्वयं समझें तथा उसके बाद आवश्यक सामग्री डाउनलोड करके कक्षा 8 या उसके ऊपर के विद्यार्थियों के अभिभावकों से संपर्क करके उन्हें अपने बच्चों या अपने परिवार के अन्य वयस्क सदस्यों को is इस कोर्स में प्रवेश दिलाने के लिए उत्प्रेरित करें। यदि वें 15 प्रतिभागियों को तैयार कर लेते हैं तो वें यह कोर्स चला सकतें हैं। चूँकि यह कोर्स डिजिटल माध्यम से ही हमारी ऐप के माध्यम से चलाया जाता है अतः इसके प्रतिभागी अपने घर से ही अपने स्मार्ट मोबाइल फ़ोन से इस कोर्स में भाग ले संकते हैं और किसी को भी कही भी आने जाने की जरुरत नहीं है। वह पूरे गर्व से कह सकतें हैं कि वें एक सकारात्मक एवं समाजोपयोगी कार्य में संलग्न हैं। चूंकि यह कार्य बच्चों एवं वयस्कों के आचार-विचार में सकारात्मक परिवर्तन लाकर उनके जीवन में सफलता, शांति एवं प्रसन्नता लाएगा, यह व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक के रूप में कार्यरत व्यक्तियों की सामाजिक प्रतिष्ठा में बृद्धि करने के साथ-साथ उन्हें शांति एवं प्रसन्नता भी प्रदान करेगा।

निम्न कोटि के स्नातक व्यक्ति 'व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक' की भूमिका अदा कर सकतें हैं ।

1. विभिन्न सरकारी एवं निजी क्षेत्र की विभिन्न सस्थाओं विभिन्न पदों से सेवानिवृत हुए लोग जो स्वस्थ हैं और जिनके पास अपनी दैनिक जिम्मेदारियों को पूरा करने के बाद भी काफी खाली समय हो सकता है।
2. ऐसे निजी छोटे स्व-वित्तपोषित विद्यालयों के अध्यापक जिनका वेतन इतना कम है कि उससे उनके घर का खर्च चला पाना कठिन होता है और जो विद्यालय समय के पहले या बाद में खाली हैं।
3. शिक्षित गृहिणिया जो विशेष पारिवारिक कारणों से घर के बाहर जाकर कार्य नहीं कर सकती हैं और उनके लिए अपना खाली समय बिताना मुश्किल होता है, अपने घर बैठे बैठे ही अपने फ़ोन के माध्यम से इस कोर्स का संचालन कर सकती हैं।
4. ऐसे विद्यार्थी जो अपनी शिक्षा पूर्ण कर चुके हैं परंतु अभी तक बेरोजगार हैं।
5. कोई भी व्यक्ति जिसके पास अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने के बाद भी खाली समय उपलब्ध है।

यदि आप का सम्बन्ध ऊपर की किसी श्रेणी से भी हैं तो हमारे व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक के रूप में पंजीकरण कराकर और हमसे आवश्यक प्रशिक्षण निशुल्क प्राप्त करके इस कोर्स को चलाकर तथा व्यक्तित्व विकास के सम्बंधित हमारे अन्य कार्यों में सहयोग करके न केवल अपने खाली समय का सदुपयोग कर सकतें हैं बल्कि अतिरिक आय भी प्राप्त करके के साथ-साथ अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि कर सकतें हैं।

**कार्य का प्रकार** :

यह ‘प्रयास’ से तकनीकी मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर ‘प्रयास फाउंडेशन कोर्स’ के संचालन एवं प्रबंधन के साथ-साथ हमारी अन्य गतिबिधियों में योगदान करके अतिरिक्त आय प्राप्त करने का आप का अपना एक स्वतंत्र अंशकालिक व्यवसाय है क्योकि व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक के रूप में आप ‘प्रयास’ के कर्मचारी नहीं बल्कि हमारे इस सकारात्मक एवं चरित्र निर्माण के इस व्यवसाय में हमारे मूल्यवान भागीदार हैं।

**कार्य का विवरण** :

व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक का मुख्य कार्य 'प्रयास' द्वारा निर्धारित एवं समय समय पर संशोधित पाठ्यक्रम के अनुसार तथा उनके निर्देशन में 'प्रयास फाउंडेशन कोर्स संचालित करके उसके ' प्रतिभागियों के अंदर सकारात्मक सोच , उच्च मानवीय मूल्यों में आस्था विकसित करने के साथ साथ वांछित व्यक्तिगत ,पारिवारिक ,संस्थागत ,सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक व्यवहार करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके अतिरिक्त इनके कार्यों में विद्यार्थियों एवं वयस्कों को अपने व्यक्तित्व का परीक्षण एवं रेखांकन करवाने कि लिए उत्प्रेरित करना तथा व्यक्तित्व विकास में सहायक पुस्तकों की बिक्री करवाना भी शामिल है।

**प्रशिक्षण**:

व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शकों का प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क है। चूँकि यह प्रशिक्षण वेबिनार के माध्यम से दिया जाता है अतः उन्हें कहीं आने जाने की आवश्यकता नहीं है। समय-समय पर व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलतें रहते हैं जिनकी सूचना ईमेल से प्राप्त की जा सकती है। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद ही मार्गदर्शक यह कोर्स आरम्भ कर सकतें हैं।

**संभावित मासिक आय :**

प्रयास फाउंडेशन कोर्स का वर्तमान शुल्क मात्र 5000 (पांच हजार) रुपये है। इसका 70% व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक को देय होता है और बाकी 30 % हिस्सा ‘प्रयास’ अपने पास प्रतिभागियों के व्यक्तित्व का रेखाकंन एवं इस कोर्स के निर्देशन के एवज में रख लेगा। इसके एवज में व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक को अपने प्रतेक बैच के लिए 15 अभ्यर्थियों की व्यवस्था स्वयं ही करनी होती है। 15 सीटों में से 30% यानि 05 सीटें आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होती हैं। आरक्षित सीटों के अभ्यर्थियों का शुल्क उनकी भुगतान क्षमता को ध्यान में रखकर ‘प्रयास’ की पूर्व सहमति से निर्धारित किया जाता है। उदाहरण के तौर पर वर्तमान मार्गदर्शन शुल्क के सन्दर्भ में यदि वह 15 प्रतिभागियों का एक बैच तैयार कर पाता हैं तो उसे प्रत्येक माह 10 पूरी फीस देने वाले प्रतिभागियों से ही कम से कम 5883 (पांच हजार आठ सौ तिरासी) रुपये की आय होगी। इसके अलावा आरक्षित सीटों से ‘प्रयास’ को प्राप्त आय का 70% आय भी प्राप्त होगी। व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक को अधिकतम दो बैच की चलाने की अनुमति है। अतः यदि वह प्रतिदिन इसी कोर्स के 15-15 प्रतिभागियों के दो बैच (एक सूबह और एक सायं या दिन में किसी भी समय ) चला पाता है तो उसे महीने में न्यूनतम आय 11766 (ग्यारह हजार सात सौ छाछठ) रुपये मिल सकते हैं। इसके अतिरिक्त यदि वह अन्य पात्र व्यक्तियों को 'प्रयास' के 'व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक' के रूप में कार्य करके के लिए उत्प्रेरित कर पाता है और उसके उत्प्रेरण से बने व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक अन्य व्यक्तियों को भी इस कार्य के लिए उत्प्रेरित करतें है तो उस व्यक्तित्व विकास सहायक को उसको छोड़कर उसके अपने नेटवर्क के चार स्तर नीचे तक के

व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शकों के माध्यम से 'प्रयास' को प्राप्त सकल आय का 1% नेटवर्क विस्तार प्रोत्साहन राशि के रूप में उसे अलग से प्राप्त होता है। यदि वह तथा उसके नीचे के सदस्य 'प्रयास फाउंडेशन कोर्स' के संचालन के साथ साथ इस उत्प्रेरण कार्य में भी वांछित रुचि लेते हैं और उसकों छोड़कर उसके चार स्तर नीचे कार्यरत व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शकों की सख्या 100 (एक सौ) या उससे अधिक हो जाती है तो उसे 1% का लीडरशिप बोनस नेटवर्क विस्तार प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त मिलेगा। अतः उसकी वास्तविक मासिक आय उसके द्वारा isइस कोर्स के एक साथ संचालित बैच, इसे प्रतिभागियों की संख्या, वास्तविक मार्गदर्शन शुल्क एवं उसके बाद के चार स्तरों कार्यरत व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शकों के माध्यम से 'प्रयास' को प्राप्त आय पर निर्भर करेगी। हम अलग से बच्चों के व्यक्तित्व का निर्धारण करके उन्हें परामर्श भी देतें हैं। यदि कोई व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक किसी बच्चे के अभिभावक को अपने बच्चे के व्यक्तित्व निर्धारण एवं परामर्श के लिए तैयार करके यदि उसका पंजीकरण करवा देता है तो इसकी फीस (वर्तमान शुल्क 750 रुपये) का 20% उसे प्रोत्साहन राशि के रूप में प्राप्त होगा। बच्चों के अंदर भावनात्मक एवं आध्यात्मिक/नैतिक बुद्धिमत्ता विकसित करने के लिए हमारे द्वारा प्रकाशित हिंदी में पाकेट बुक "सफलता कैसे प्राप्त करें" और अग्रेजी में "HowHow to be successful? " उपलब्ध हैं। इसी प्रकार उनके माता पिता और परिवार के अन्य वयस्क सदस्यों के व्यक्तित्व विकास के लिए हिंदी में पाकेट बुक "जीवन का आनंद" तथा अग्रेजी में "Happiness Unlimited Happiness Unl उपलब्ध हैं। इनका वर्तमान मूल्य क्रमशः 20 तथा 30 रुपये हैं। यें पुस्तकें 40 % छूट पर व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शकों को अग्रिम भुगतान करने पर आगे बिक्री हेतु उपलब्ध कराई जातीं हैं। उन्हें वे अपनी सुविधानुसार बेचकर लाभ के माध्यम से अतिरिक्त आय कर सकते हैं। सारांश के रूप में व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक की अपनी सक्रियता के अनुसार उसे वर्तमान मूल्यों पर निम्न मासिक आय प्राप्त हो सकती है ।

प्रयास फाउंडेशन कोर्स के संचालन से संभावित मासिक आय

| क्रम संख्या | नीचे के प्रतेक स्तर पर कार्यरत व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शकों की संख्या | नीचे कार्यरत व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शकों की कुल संख्या | नीचे के स्तर | आय की हिस्सेदारी (सकल आय का 70% ) | | नेटवर्क विस्तार प्रोत्साहन राशि (सकल आय का 1% ) | | लीडरशिप बोनस (सकल आय का 1% अतिरिक्त) | | कुल मासिक आय (रूपये में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | बैच की संख्या | | बैच की संख्या | | बैच की संख्या | | बैच की संख्या | |
| | | | | 01 | 02 | 01 | 02 | 01 | 02 | 01 | 02 |
| 1 | 0 | 0 | 0 | 5883 | 11766 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5,883 | 11,666 |
| अ | स्थिति । : नीचे के प्रतेक स्तर पर मात्र 02 (दो) व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक- चार स्तर तक | | | | | | | | | | |
| 2 | 2 | 2 | 1 | 5883 | 11766 | 167 | 333 | 0 | 0 | 6,133 | 12166 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 2 | 5883 | 11766 | 500 | 1000 | 0 | 0 | 6,383 | 12,766 |
| 4 | 2 | 14 | 3 | 5883 | 11766 | 1167 | 2333 | 0 | 0 | 7,050 | 14,099 |
| 5 | 2 | 30 | 4 | 5883 | 11766 | 2500 | 5000 | 0 | 0 | 8,383 | 16,766 |
| ब | स्थिति II: नीचे के प्रतेक स्तर पर मात्र 03 (तीन) व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक- चार स्तर तक | | | | | | | | | | |
| 6 | 3 | 3 | 1 | 5883 | 11766 | 250 | 500 | 0 | 0 | 6133 | 12,166 |
| 7 | 3 | 12 | 2 | 5883 | 11766 | 1000 | 2000 | 0 | 0 | 6883 | 13766 |
| 8 | 3 | 39 | 3 | 5883 | 11766 | 3250 | 6500 | 0 | 0 | 9133 | 13,766 |
| 9 | 3 | 120 | 4 | 5883 | 11766 | 10,000 | 20000 | 10,000 | 20000 | 25,883 | 51,766 |
| स | स्थिति III: नीचे के प्रतेक स्तर पर मात्र 05 (पांच) व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक- चार स्तर तक | | | | | | | | | | |
| 10 | 5 | 5 | 1 | 5883 | 11766 | 416 | 832 | 0 | 0 | 6299 | 12,598 |
| 11 | 5 | 30 | 2 | 5883 | 11766 | 2500 | 5000 | 0 | 0 | 8383 | 16,766 |
| 12 | 5 | 155 | 3 | 5883 | 11766 | 12916 | 25832 | 12916 | 25833 | 31,715 | 63,430 |
| 13 | 5 | 780 | 4 | 5883 | 111766 | 65000 | 1,30,000 | 65000 | 1,30,000 | 1,35,883 | 2,71,766 |
| द | स्थिति IV: नीचे के प्रतेक स्तर पर मात्र 10 (दस) व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक- चार स्तर तक | | | | | | | | | | |
| 14 | 10 | 10 | 1 | 5883 | 11766 | 833 | 1666 | 0 | 0 | 6,716 | 13,432 |
| 14 | 10 | 110 | 2 | 5883 | 11766 | 9166 | 18,332 | 9166 | 18,332 | 24,215 | 48,430 |
| 16 | 10 | 1110 | 3 | 5883 | 11766 | 92493 | 1,84,986 | 92493 | 1,84,986 | 1,90,869 | 3,81,738 |
| 17 | 10 | 11110 | 4 | 5883 | 11766 | 9,25,763 | 18,51,526 | 9,25,763 | 18,51,526 | 18,57,409 | 37,14,818 |

उक्त आंकलन निम्न आधार पर किया गया है।

1. सामान्य सीटों का प्रति प्रतिभागी कुल कोर्स शुल्क: 5000 (पांच हजार मात्र) रूपये
2. कोर्स की कुल अवधि: 6 माह

3. पूरी फीस देने वाले प्रतिभागी: 10 (दस)
4. अपनी भुगतान क्षमता के अनुसार फीस देने वाले आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभागी: 05(पांच) –इनसे प्राप्त होने वाली आय में से व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक को देय आय उक्त आंकलन में शामिल नहीं है और यह आय अतिरिक्त होगी।
5. व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक द्वारा संचालित कोर्स से 'प्रयास' को प्राप्त आय में उसकी हिस्सेदारी: 70%
6. नेटवर्क विस्तार प्रोत्साहन राशि: उसको छोड़कर उसके चार स्तर नीचे कार्यरत व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शकों द्वारा 'प्रयास' को प्राप्त कुल आय का 1(एक) प्रतिशत
7. अतिरिक्त लीडरशिप बोनस (जब उसको छोड़कर उसके चार स्तर नीचे कार्यरत व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शकों की कुल संख्या 100 (एक सौ) या अधिक हो जाय): उनसे प्राप्त सकल आय का 1 (एक) प्रतिशत
8. नेटवर्क विस्तार प्रोत्साहन एवं लीडरशिप बोनस राशि के लिए पात्र स्तरो की संख्या: उसे छोड़कर चार स्तर तक
9. चार स्थितियों (I, II, III तथा IV) में प्रतेक स्तर पर कार्यरत व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शकों की आनुमानित संख्या : 2, 3, 5 तथा 10 - मात्र चार स्तर तक .
10. वास्तविक आय चार स्तर तक कार्यरत व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शकों की संख्या एवं उसके द्वारा किये जा रहें उत्प्रेरण कार्य की प्रभावशीलता पर निर्भर करेगी।
11. नेटवर्क विस्तार प्रोत्साहन एवं लीडरशिप बोनस राशि 'प्रयास' अपने हिस्से (30%) की आय में से वितरित करेगा।
12. किसी भी व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक को एक साथ दो से अधिक बैच चलाने की अनुमति नहीं है।

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि किसी की व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक की मासिक आय 5883 रूपये से आरंभ होकर एक लाख से भी अधिक तक जा सकती है बशर्ते वह और उसके नेटवर्क के अन्य सदस्य उत्प्रेरण कार्य पूरे परिश्रम एवं लगन के साथ करें। यदि वह बच्चों और वयस्कों को अपना व्यक्तित्व रेखाकन एवं परामर्श सेवा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है तो इससे 'प्रयास' को मिलने वाले शुल्क का 20% प्रोत्साहन राशि के रूप में प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त हमारे विभिन्न प्रकाशन भी बेचकर वह अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकता है।

## आवेदन एवं पंजीकरण प्रक्रिया

व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक के रूप में अंशकालिक कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति सबसे पहले हमारी वेबसाइट www.prayasvyaktitvavikas.com खोलकर उस पर उपलब्ध पूरी सामग्री को पूरे ध्यान से पढ़े और हमारे द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों के पीछे के दर्शन को समझने का प्रयास करें। यदि वें आवश्यक पात्रता रखतें हों और व्यक्ति के व्यक्तित्व के समेकित विकास की हमारी अवधारणा से सहमत हो और हमारे साथ कार्य करने के इच्छुक हों तो व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक के रूप में अपनी क्षमता का वस्तुनिष्ट आंकलन करने के लिए 'प्रयास फाउंडेशन कोर्स' से सम्बंधित पूरी सामग्री डाउनलोड करें और उसकी दो प्रति प्रिंट करके कुछ अभिभावकों को अपने बच्चे को isऔर अपने मित्र शिक्षकों को अपने विद्यार्थियों को इस कोर्स में भाग लेने के लिए उत्प्रेरित करें। इसी के साथ-साथ अपने आस-पास संचालित निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों/ प्रवंधकों/ निदेशकों से मिलकर isइस कोर्स के लिए अपने विद्यार्थियों को तैयार करने का प्रयास करें। वें वयस्कों को भी इसमें भाग लेने के लिए उत्प्रेरित कर सकतें हैं।

यदि उनकी कुछ शंकाएं है तो इस वेबसाइट के 'प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न' अनुभाग में जाकर 'व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शकों' के लिए उपलब्ध प्रश्नों एवं उनके उत्तरों को पढ़कर अपनी शंका का समाधान कर

सकतें हैं। यदि उचित संख्या में अभिभावकों को अपने बच्चों या अपने परिवार के वयस्क सदस्यों को isइस कोर्स में प्रवेश कराने में उन्हें सफलता मिल जाती है तो फिर हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक पंजीकरण फॉर्म डाउनलोड करके और उसे अच्छी तरह भरकर और इस कोर्स को चलाने के उपलब्ध व्यक्तिगत सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करके मात्र एक सौ रुपये डिजिटल माध्यम से उपलब्ध पेमेंट लिंक से भुगतान करके उसकी रसीद, के साथ आन लाइन जमा करें। वें विडिओ काल दवारा भी अपनी शंका का समाधान कर सकतें हैं। गोरखपुर के आसपास के लोग मोबाइल नंबर 7080210612 या 7080210614 से बात करके समय लेकर हमारे गोरखपुर कार्यालय (एच -19 चरण राप्ती-नगर गोरखपुर 273013) और लखनऊ के आस-पास के लोग मोबाईल नंबर 8127569995 या 7080210615 पर बात करके समय लेकर हमारे लखनऊ कार्यालय (513 फेलिक्स स्क्वायर पंचम तल सुशांत गोल्फ सिटी) में मिल सकते हैं।